प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 04.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आईटीआई के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। यह 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाली केंद्र प्रायोजित योजना है। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कौशल का अहम योगदान होता है। ऐसे में आज का भारत कौशल को सबसे ज्यादा प्रमुखता देता है।

****

भाजपा नेता अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर चाईबासा स्थित एमपी–एमएलए विशेष न्यायालय में चल रहे केस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सुनवाई आज नहीं हो सकी।

राहुल गांधी ने अपने विरुद्ध दर्ज मुकदमे में ट्रायल के दौरान निजी उपस्थिति से छूट के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 205 के तहत आवेदन दाखिल किया है। इस आवेदन पर अदालत को 4 अक्टूबर को फैसला सुनाना था। लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 9 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीआईडी की गतिविधियों पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जांच एजेंसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सीआईडी के पिछले एक साल के कार्यकाल की सार्वजनिक जांच करायी जानी चाहिए।

****

लोहरदगा में एसपी अजय कुमार सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शहादत दिवस के कार्यक्रम में लोहरदगा उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद, एसपी सादिक अनवर रिजवी और शहीद एसपी के माता पिता शामिल हुए। मौके पर एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा शहीद का बलिदान कभी बेकार नहीं जाता है। शहीद एसपी अजय कुमार ने लोहरदगा के नक्सल मुक्त होने का जो सपना देखा था वो अब पूरा हो रहा है। लोहरदगा के साथ पूरा झारखंड नक्सल मुक्त होने वाला है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान शुक्रवार देर रात हिंसा भड़क उठी। बताया जाता है कि रेलवे हरिजन बस्ती दुर्गा पूजा समिति और एक अन्य पूजा पंडाल के सदस्यों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते मामला मारपीट और चाकूबाजी में बदल गया। विसर्जन जुलूस के दौरान हुए विवाद में दोनों ओर से लाठी–डंडे और धारदार

हथियार चलाए गए, जिससे सात लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

<u>*****************</u>**

लोहरदगा जिले में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शिक्षा विभाग की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

<u>*****************</u>**

झारखंड से निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तरी छत्तीसगढ़ और उससे सटे उत्तरी भाग और ओडिशा के अंदरूनी इलाकों से आगे बढ़ गया है। इसकी वजह से झारखंड के विभिन्न जिलों में मौसम साफ होने की संभावना है। हालांकि विभाग ने रांची सहित अन्य मध्यवर्ती हिस्सों में बारिश होने की संभावना भी व्यक्त की है।

<u>******समाप्त***********</u>**